दैनिक
# शाह बुलेटिन

प्रकाशन के 12 वर्ष
RNI: UPHIN/2014/56192
मेरठ, मंगलवार 24 फ़रवरी 2026
वर्ष: 12, अंक: 195
पृष्ठ: 04 मूल्य: 01 रुपया



dainikshahbulletin@gmail.com 9997540548


कलम की ताकत...



4

कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर


## कपड़ा व्यापारी को बंधक बनाने का आरोप

### एसएसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने मदद की गुहार लगाते हुए थाना पुलिस पर भी लगाए आरोप

मेरठ। मेरठ के एक कपड़ा व्यापारी को सूरत में बंधक बनाने का मामला सामने आया है, जिसकी पत्नी ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंच कर मदद की गुहार लगाते हुए उसके पति को बंधक बनाने वाले सूरत के कपड़ा व्यापारी के ऊपर पति को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकनगर की रहने वाली अंजुम पत्नी मोहम्मद वसीम ने एसएसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसका पति मोहम्मद वसीम कपड़े का कारोबार करता है। बीती 25 जनवरी को सूरत के एक कपड़ा व्यापारी ने उसके पति वसीम को फोन करके अपने पास बुलाया था। पत्नी अंजुम ने बताया कि वसीम उस व्यापारी के ऊपर पर भरोसा करके सूरत चला गया लेकिन उसके







बाद उसका परिवार से संपर्क टूट गया। अंजुम ने आरोप लगाया है कि सूरत के व्यापारी ने उसके पति को बंधक बना लिया है, जो कि उसको छोड़ने के लिए पैसों की डिमांड कर रहा है, और डिमांड पूरी ना होने पर वसीम को जान से मारने की धमकियां दे रहा है, जिसकी वजह से पूरा परिवार डर और सदमे में है,अंजुम ने थाना पुलिस के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। थाने में सुनवाई ना होने की वजह से उन्होंने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने,वसीम को सकुशल बंधन मुक्त कराने के अलावा आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं पूरे मामले की सुनवाई करने के बाद एसएसपी ने वसीम के परिजनों को पूरे मामले की जांच करा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मंडलायुक्त के आदेश पर लगा नो पार्किंग बोर्ड दबंगों ने उखाडडा पालिका ने थाने में दी तहरीर

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन.कांधला**

कस्बे के मोहल्ला मौलानान स्थित छतरी वाले कुएं पर मंडलायुक्त सहारनपुर के आदेश पर लगाया गया ₹नो पार्किंग₹ बोर्ड कुछ ही घंटों में दबंगई की भेंट चढ़ गया !दरअसल,मोहल्ले के ही निवासी नदीम अहमद ने तीन दिन पहले मंडलायुक्त कार्यालय को शिकायत दी थी कि इलाके में अवैध पार्किंग और सड़क अवरोध के कारण आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने और चेतावनी पट लगाने के निर्देश दिए।आदेश के तहत पालिका ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौलानान स्थित छतरी वाले कुएं पर ₹नो पार्किंग₹ वाला बोर्ड लगाया। लेकिन जैसे ही अधिकारी और टीम वहां से हटी स्थानीय दबंग तत्वों ने बोर्ड को





उखाड़ दिया यह हरकत प्रशासनिक आदेश की खुली अवमानना मानी जा रही है। शिकायतकर्ता नदीम अहमद ने सोमवार को जिला अधिकारी से मिलकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।जिलाधिकारी ने तत्काल नगर पालिका को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद पालिका प्रशासन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## बार काउंसिल के नियमों में बदलाव की मांग अभिषेक गोयल बोले- प्रतिभा को न रोकें पुरानी शर्तें

**बुलेटिन ब्यूरो खतौली विकसित खारी**

यूपी की बार एसोसिएशनों में वार्षिक चुनाव की सरगर्मी के बीच युवा अधिवक्ताओं ने उम्र और अनुभव की बाध्यता को समाप्त करने की मांग तेज कर दी है। युवा अधिवक्ताओं का उत्तर प्रदेश की तहसील से लेकर हाई कोर्ट तक की बार एसोसिएशनों में नेतृत्व परिवर्तन की मांग ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। खतौली तहसील में विधि व्यवसाय कर रहे युवा अधिवक्ता अभिषेक गोयल ने वार्षिक चुनावों में महत्वपूर्ण पदों जैसे अध्यक्ष और महासचिव पर चुनाव लड़ने के लिए उम्र और लंबे अनुभव की अनिवार्य शर्त को 'अलोकतांत्रिक' बताते हुए इसे खत्म करने की पुरजोर मांग की है। उनका कहना है कि लोकतंत्र में योग्यता का पैमाना 'अनुभव के वर्षों' से अधिक 'कार्य करने की क्षमता' और 'संकल्प' होना चाहिए ।अभिषेक गोयल ने बताया कि देशभर के



युवा वकीलों के द्वारा लगातार बार एसोसिएशन और बार काउंसिल के चुनावों में वरिष्ठता (अनुभव) के नाम पर थोपी जाने वाली लंबी आयु सीमा पर सवाल उठाया जाता रहा है उनका तर्क है जब देश में विधायक और सांसद बनने के लिए 25 वर्ष की आयु पर्याप्त है, तो बार एसोसिएशन के नेतृत्व के लिए दशकों का इंतजार क्योंउनका कहना है कि अनुच्छेद 84 (ख) के अनुसार 25 वर्ष का व्यक्ति राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है, तो वकीलों का संगठन चलाने के लिए 15-20 साल की वकालत का अनुभव अनिवार्य करना, युवा प्रतिभाओं को अवसर से वंचित करने जैसा है ।उनका कहना है कि पुराने नियमों के कारण नए और ऊर्जावान नेतृत्व को आगे आने का मौका नहीं मिल पा रहा है। डिजिटल युग में बार को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो आधुनिक तकनीक और युवा अधिवक्ताओं की समस्याओं को समझ सके।

## आवारा कुत्तों का आतंक दहशत में कस्बा, दर्जनों घायल प्रशासन पर उठे सवाल

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन**

कांधला इन दिनों कांधला क्षेत्र में आवारा कुत्तों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। कस्बे और आसपास के गांवों में कुत्तों के झुंड ने लोगों पर हमला बोल दिया, जिससे दर्जनों लोग लहूलुहान हो गए। हर गली-मोहल्ले में दहशत का माहौल है ।ताज़ा घटनाओं में गांव चढ़ाव निवासी बालक वंश, कांधला निवासी युवक देवा, भारसी की महिला नरेश, और गढ़ी दौलत की महिला नसीम सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बताया गया कि सभी लोग अपने काम से बाहर निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर कुत्ते भाग खड़े हुए ।घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रवि ने बताया कि सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन



दहशत

लगाए गए हैं और स्थिति अब खतरे से बाहर है। उन्होंने लोगों से अपील की "कुत्ते के काटने या खरोंच लगने पर तत्काल अस्पताल पहुंचें, देरी न करें।"अस्पताल परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दर्जनों लोग घायल बच्चों और महिलाओं के साथ इलाज के लिए पहुंचे। बाहर लंबी कतारें लग गईं। कई लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर निकलना बंद कर चुके हैं ।क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पंचायत और प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा। मोहल्लों में कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बड़ी चिंता का विषय बन गया है ।लोगों ने कड़ा विरोध जताया

## बंदरों का आतंक बढ़ा दहशत का माहौल छतो पर मचा उत्पात!

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन.कांधला**

कस्बे की नई बस्ती में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। हर रोज सुबह से लेकर देर शाम तक बंदरों के झुंड गलियों और छतों पर धमाचौकड़ी मचाते रहते हैं। घरों की छतों पर सूखते कपड़े फाड़ देना, पानी की टंकियों के ढक्कन खोल देना, और घरों में रखे खाने-पीने का सामान उठा ले जाना अब आम बात हो गई है ।बंदरों के डर से अब लोग घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। महिलाएं छतों पर नहीं जातीं और बच्चे गलियों में खेलने तक से डरते हैं। कई बार बंदरों ने बुजुर्गों और राह चलते लोगों पर झपट्टा मारकर चोटें भी पहुंचाई हैं ।कॉलोनी निवासी सलीम ने बताया कि "आई दिन बंदरों का झुंड आता है, कभी छतों पर कूदते हैं, कभी घरों में घुस आते हैं। कई बार बच्चों के हाथ से खाना छीनकर भाग जाते हैं। अब तो ऐसा



लगता है जैसे नई बस्ती में बंदरों का राज चल रहा है।"स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन और वन विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन बंदरों को पकड़वाया जाए। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है ।लोगों का कहना है "हम अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं, बंदरों से छुटकारा दिलाना अब प्रशासन की जिम्मेदारी है !"

## रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मवाना से ग्रोजस्ट ने किए 27 छात्र शॉर्टलिस्टेड



**मेरठ**। आज रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मवाना में ग्रोजस्ट सिक्योरिटीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मदर डेयरी, अमूल, वर्धमान ग्रुप एंड एपेक्स ग्रुप के लिए एक ज्वाइंट प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र के करीब 75 छात्र छात्रों ने प्रतिभा किया । कंपनियों के अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को उनके कौशल एवं योग्यता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों, जिनमें मुख्यतु (एचआर एक्जीक्यूटिव / मैनेजर, एडमिनिस्ट्रेटर, अकाउंटेंट, डिजिटल मार्केटिंग ऑफिसर, ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, वेबसाइट डिजाइनर, सीसीटीवी मॉनिटरिंग ऑफिसर एंड लोडिंग चैकर) के लिए 27 छात्रों को शॉर्टलिस्टेड किया गया। जिनका फाइनल राउंड कंपनी कार्यालय में दिनांक 27 फरवरी, 2026 को आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ उर्मिला मोरल



ने सभी शॉर्टलिस्टेड छात्रों को बधाई ओर ओर कहा कि महाविद्यालय अपने छात्रों के लिए समय-समय पर इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराता रहता है जिससे छात्रों को रोजगार के लिए इधर-उधर ने भटकना पड़े। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में ग्रोजस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवेश कुमार, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशीष सिंह, ऑपरेशन मैनेजर संजय कुमार, एच आर एंड एडमिनिस्ट्रेशन मैनेजर अभिषेक कुमार एवं रिक्रूटमेंट मैनेजर अलका मैम उपस्थित हुए । रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया ओर सभी शॉर्टलिस्टेड छात्रों को फाइनल राउंड में सफलता प्राप्त करने के लिए के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## सफाईकर्मी को गोली मारने की धमकी शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**सादिक सिद्दीक़ी शाह बुलेटिन.कांधला**। नगर में कानून व्यवस्था पर फिर उठे सवाल ! मोहल्ला माजरा निवासी सफाईकर्मी रजत ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 25 जनवरी की शाम बाइक सवार तीन युवकों ने उसे खुलेआम गोली मारने की धमकी दी ।घटना सीसीटीवी कैमरे में साफ-साफ कैद हुई, जिसमें आरोपियों की पहचान सुमित निवासी रोहतक, यश निवासी मोहल्ला माजरा और उज्जवल के रूप में हुई है ।पीड़ित रजत का कहना है कि उसने इस पूरे मामले की कांधला थाना पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की ।रजत ने आरोप लगाया कि कार्रवाई न होने से आरोपी अब उसके परिवार को भी धमकाने लगे हैं ।सूत्रों के अनुसार, जिन युवकों पर आरोप है, उनका अपराधिक इतिहास पहले से मौजूद है और उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, लेकिन पुलिस की चुप्पी ने आम लोगों के बीच डर और गुस्सा दोनों बढ़ा दिए हैं।

## एम एम एच कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**शाह बुलेटिन ब्यूरो खतौली विकसित खारी**

एम एम एच कॉलेज में भौतिकी विभाग द्वारा तथा डी आर डी ओ नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित साइंस एंड टेक्नोलॉजी एंड इंटरडिसीप्लिनरी रिसर्च (NCSTAIR) पर डॉ मनोज कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर भौतिकी )के संयोजन में एक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 24 और 25 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देश के उत्कृष्ट संस्थानों के प्रोफेसर, वैज्ञानिक तथा रिसचर्स अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। 24 फरवरी को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ की कुलपति महोदया द्वारा संबोधित किया जाएगा। संगोष्ठी के उद्घघाटन सत्र में मुख्य व्याख्यान ( की नोट एड्रेस) प्रोफेसर बीरपाल सिंह , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा दिया जाएगा। उदघाटन सत्र के उपरांत तकनीकी सत्र का आयोजन भौतिकी विभाग के सी वी रमन हॉल व मेघनाद साहा हाल में सम्पन्न होगा।

# प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में सपाइयों ने किया धरना–प्रदर्शन



**मेरठ**। प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में छोटे व्यापारियों, किसानों के भविष्य एवं बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में सोमवार को दर्जनों सपा कार्यकताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर सड़क पर बैठकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया ।इस दौरान उन्होंने सरकार विरोधी नारेचाजी करते हुए एक ज्ञापन डीएम कार्यालय पर सौंपते हुए बताया कि, प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील के कारण देश के छोटे व्यापारियों, किसानों तथा युवाओं के रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका है। जबकि, महिलाओं पर अत्याचार रेप की वारदात उत्तर प्रदेश में बढ़ती जा रही है। इस प्रकार को तौल से बड़े कॉर्परेंट एवं विदेशी कंपनियों को लाभ मिलेगा, जबकि स्थानीय छोटे व्यापारी प्रतिस्पर्धा में टिक नहींपाएंगे और उनका व्यापार ही पूरे तर कि से समाप्त होने की स्थिति में पहुंच सकता है ।उनहोंने कहा कि, इसके अतिरिक्त, किसानों की फसलों के उचित मूल्य, बाजार सुरक्षा तथा भविष्य की स्थिरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। सस्ती बिदेशी वस्तुओं के आयात से देश के कृषि एवं लघुउद्योग क्षेत्र को भारी नुकसान हो सकता है। साथ ही, वर्तमान में देश में बेरोजगारी की समस्या पाहले से हो गंभीर है। यदि छोटे व्यापार एवं स्थानीय उद्योग प्रभावित होते हैं, तो लाखों लोगों की आजीविका पर संकट उत्पन्न होगा और बेरोजगारी और अधिक बढ़ेगी ।प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं ने अमेरिका के साथ प्रस्तावितकमिश्नरी पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापनव्यापारिक डील को देश की खेती, उत्पा और रोजगार के लिए नुकसानदेह बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐसी 'डील' है, जो देश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद को कमजोर कर सकती है। कहा कि यह समझौता किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और घरेलू उद्योगों के हितों के विपरीत है ।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विदेशियों के सामने देश के बाजार को खोल रही है, जिससे खेती-किसानी और स्थानीय उत्पादन को भारी क्षति पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जब आयात बढ़ेगा तो देश का किसान अपनी उपज कहां और किस मूल्य पर बेचेगा। उन्होंने तंज कसतेहुए कहा कि जो लोग स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बात करते थे, वे अब 'पर निर्भरता' की राह पर चल पड़े हैं। उन्होंने भाजपा सरकार से स्पष्ट करने की मांग की कि विदेशी दबाव में देश के हितों से समझौता क्यों किया जा रहा है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां लगातार किसान विरोधी रही हैं। कभी भूमि अधिग्रहण के जरिए तो कभी कृषि कानूनों के माध्यम से किसानों पर दवाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी कर कोई भी सरकार लंबे समय तक नहीं चल सकती। इसलिए समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि, इस प्रस्तावित ट्रेड डील पर पुनर्विचार करते हुए छोटे व्यापारियों, किसानों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# मुख्यमंत्रीअध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिशा' समिति का हुआ गठन



मेरठ संजीव कुमारडॉ राजकुमार सागवान मनोनीतउत्तर प्रदेश शासन ने ग्राम्य विकास अनुभाग के विशेष सचिव रजनीश चंद्र ने 20 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी कर मुख्यमंत्री अध्यक्षता में राज्य विकास सामान्य एवं निगरानी समिति राज्य स्तरीय दिशा के गठन की घोषणा की है समिति का गठन विशेष कार्य अधिकारी,महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया है समिति में मुख्यमंत्री द्वारा पांच विधायक को एवं तीन विधान परिषद को नामित किया गया है एवं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर रेलवे रेल मंत्रालय के सदस्य संजीव कुमार को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है समिति अध्यक्ष मुख्यमंत्री तथा शह अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री (ग्राम विकास विभाग) होंगेइसमें 12 लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्यों को भी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नामित किया गया है प्रमुख सांसदों में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल अखिलेश यादव चंद्रशेखर आजाद डॉ राजकुमार सागवान,राम जी आदि शामिल है इसके अतिरिक्त भारत सरकार की योजनाओं से संबंधित राज्य सरकार के अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव स सचिव भी सदस्य होंगे समिति भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं की समीक्षा निगरानी एवं अनु सरवन करेंगे बैठक कम से कम प्रत्येक शर्मा में एक बार आयोजित की जाएगी संजीव कुमार ने अपने मनोनीत होने पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना आभार व्यक्त किया संजीव कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मुझे बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर के संविधान के अधिकारों के आधार पर मिली है भारत सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# नमो भारत रैपिड रेल: मेरठ के विकास युग का शुभारंभ



**मेरठ**। मा० प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी के करकमलों द्वारा लोकार्पित 'नमो भारत रैपिड रेल' परियोजना ने मेरठ सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। यह परियोजना केवल एक परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की प्रगति, तकनीकी दक्षता और दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रतीक है ।इसी ऐतिहासिक अवसर पर आज मेरठ कैंट विधायक श्री अमित अग्रवाल जी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मेरठ से गाजियाबाद तक नमो भारत रैपिड रेल में यात्रा कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षात्कार किया। यात्रा के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा इस अत्याधुनिक सेवा के माध्यम से क्षेत्र को मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की ।एक ही स्टेशन एवं एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल का सफल संचालन देश के बुनियादी ढांचे में आए व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है। इससे मेरठ का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा, जिससे व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। यह परियोजना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ आमजन के समय और संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित करेगी ।यात्रा के दौरान श्री अमित अग्रवाल जी ने ट्रेन में उपस्थित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने यात्रियों से सेवा की गुणवत्ता, सुविधाओं और सुझावों पर चर्चा की। नागरिकों ने नमो भारत रैपिड रेल को विश्वस्तरीय सुविधा बताते हुए सरकार के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। जनप्रतिनिधि द्वारा सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की पहल की भी व्यापक प्रशंसा हुई।

# मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की घोषणा न होने पर यूथ कांग्रेस नेता फ़ैज़ महमूद ने जताई निराशा, सरकार पर साधा निशाना



**मेरठ**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरठ दौरे के दौरान रैपिड मेट्रो परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की घोषणा न किए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मैराजुद्दीन अहमद के पुत्र यूथ कांग्रेस नेता एवं अलीगढ़ बुलंदशहर प्रभारी फ़ैज़ महमूद ने इसे मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के लिए निराशाजनक बताया है ।फ़ैज़ महमूद ने कहा कि मेरठ लंबे समय से हाईकोर्ट बेंच की मांग करता रहा है और क्षेत्र के अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने कई बार इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मेरठ दौरे से लोगों को उम्मीद थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों की पुरानी मांग पूरी होगी, लेकिन मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की घोषणा न होना जनता की भावनाओं को आहत करने वाला है ।उन्होंने कहा कि रैपिड मेट्रो का उद्घाटन निश्चित रूप से विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन न्यायिक सुविधाओं की कमी आज भी क्षेत्र की बड़ी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट बेंच न होने के कारण लोगों को छोटे-छोटे मामलों के लिए भी इलाहाबाद जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती है ।फ़ैज़ महमूद ने केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में क्षेत्रीय विकास के प्रति गंभीर है तो मेरठ में जल्द से जल्द हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की घोषणा करनी चाहिए ।इसके साथ ही फ़ैज़ महमूद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति और हालिया व्यापार वार्ताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ट्रेड डील में देश के किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा की गई ट्रेड डील में भारतीय कृषि और किसानों को नुकसान होगा इसलिए सरकार को स्पष्ट नीति सामने रखनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकर्ता इस मुद्दे को जनआंदोलन के रूप में उठाएंगे और जनता की आवाज़ सरकार तक पहुँचाने का काम करेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मेरठ में हाईकोर्ट बेंच को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

# चंद्रप्रभु भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर असोड़ा हाउसचंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष, कल्याण महोत्सव के उपलक्ष में श्रद्धालुओं हुए नस मस्क**



**मेरठ।**

श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर असोड़ा हाउस में 7:15 बजे चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में श्री जी का नित्य अभिषेक, शांतिधारा व पूजा-अर्चना की गई जिसमें स्वर्ण झारी से मुख्य शांति धारा करने का सौभाग्य चंद्रप्रभु भगवान की प्रतिमा पर संजय जैन सार्थक जैन को मिला एवं अन्य चार रजत शांति धारा करने का सौभाग्य रमेश जैन गौरव जैन नीरज जैन मनोज जैन राजपीयूष जैन को मिला इसके पश्चात 8वें तीर्थंकर श्रीचन्द्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओ ने सामूहिक निर्वाण कांड का वाचन कर हर्षोल्लास व जयकारों एवं श्रीफल, चावल, बादाम, लोंग सहित अष्ट द्रव्य के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया। जिसमें मुख्य निर्वाण लाडू 11 किलो का सुरेश जैन परिवार द्वारा समर्पित किया गया इसके उपरांत आरती की गईरचित जैन में बताया कि चंद्रप्रभु भगवान का जन्म चंद्रपुरी में हुआ और मोक्ष कल्याणक श्री सम्मेद शिखर के ललित कूट से हुआ। हम सब का सौभाग्य है कि आज चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर हम सभी ने श्री चंद्रप्रभु भगवान की पूजा अर्चना की और कल से फाल्गुन माह के अष्टाहनिका पर्व प्रारंभ प्रारंभ हो रहे हैं। इसलिए हमें आगामी 8 दिनों तक जिनेंद्र प्रभु की महा अर्चना बड़े ही भक्ति भाव के साथ करनी हैइस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विनोद जैन हेमचंद जैन संजय जैन शुभम जैन शोभा जैन अनामिका जैन श्वेता जैन आभा जैन पूनम जैन अमित जैन विपुल जैन प्रसुख जैन आदि उपस्थित रहेप्रचार संयोजक रचित जैन

## इंद्रिया ने उत्तर भारत में बढ़ाई अपनी मौजूदगी

**हल्द्वानी** : आदित्य बिड़ला ग्रुप का ज्वेलरी ब्रांड इंद्रिया ने हल्द्वानी में अपना पहला स्टोर लॉन्च कर उत्तराखंड के बाजार में औपचारिक प्रवेश किया है। ब्रांड के राष्ट्रीय विस्तार के सफर में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुमाऊं की खूबसूरत तलहटी में बसा हल्द्वानी, उत्तराखंड का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बारीक स्वर्ण व रजत कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है। इंद्रिया का यह फ्लैगशिप स्टोर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और ब्रांड के आधुनिक डिज़ाइन दर्शन का एक शानदार संगम पेश करता है, जो आभूषणों के कालातीत और समकालीन अनुभव को दर्शाता है। इस लॉन्च के जरिए, इंद्रिया का उद्देश्य आधुनिक नजरिए से स्थानीय परंपराओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र के ज्वेलरी बाजार को एक नया और प्रीमियम रूप देना है ।हल्द्वानी के नैनीताल रोड पर स्थित यह नया स्टोर ग्राहकों को खरीदारी का एक उत्कृष्ट और प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

# शादी समारोह की दावत में शामिल हुए करीब दो सो मेहमानों की दूषित रसमलाई खाने से हालत बिगड़ी

**मीरापुर के ही कारीगर द्वारा व्यंजन बनाये गए थे**

**शाहनवाज़ सोनू - शाह बुलेटिन मीरापुर ।**



कस्बे के पड़ाव चौक में आयोजित शादी समारोह की दावत में शामिल हुए करीब दो सौ मेहमानों की दूषित रसमलाई खाने से हालत बिगड़ी। जिन्हें ईलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वही खाद्य विभाग की टीम ने दुग्ध व दुग्ध पदार्थो के आपूर्तिकर्ता के यहा से खोया व पनीर के नमूने जांच के लिए भेजे है मीरापुर कस्बे के पड़ाव चौक निवासी ओमपाल के पुत्र की बीती 19 फरवरी को शादी थी। जिसका आयोजन पड़ाव चौक में स्थित वेंकट हाल में हुआ था। जिसमे मीरापुर के ही कारीगर द्वारा व्यंजन बनाये गए थे। इस शादी में कस्बे सहित सैकड़ों मेहमान पहुंचे थे। रात के समय जब दावत शुरू हुई तो लोगों ने व्यंजनों व पकवानों के साथ-साथ मिष्ठानों का जमकर स्वाद लिया। जिसके बाद मीरापुर निवासी पवन अग्रवाल, धीरज मित्तल, सपना मित्तल, अंकित वत्स, सौरभ सैनी, राम व लखन शर्मा, संजीव राठी, मोहन सैनी समेत करीब दो दर्जन लोगों को उल्टी दस्त लग गए, जिनकों चिकित्सक के यहां उपचार दिलाया गया। वहीं चुडियाला निवासी दीपक समेत गांव के कई लोगों की हालत बिगड़ गई थी। बताया जा रहा है कि दूषित रसमलाई खाने से बीमार हो रहे लोगो का आंकड़ा बढ़ता चला गया जिसमें बड़े लोगों के साथ छोटे बच्चों समेत करीब 200 लोगों की हालत बिगड़ गई जिन्होंने अलग-अलग चिकित्सक के यहां उपचार कराया। जब लोग उपचार कराकर अपने घर पहुँचे तो शादी में दूषित रसमलाई से हालत बिगडने का मामला उजागर हुआ। जिससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। चर्चा है कि कई लोगों ने ओमपाल के घर जाकर कडे शब्दों में निंदा करते हुए मीरापुर निवासी एक हलवाई को भी खूब फटकार लगाई। सोमवार को मीरापुर क्षेत्र में विवाह समारोह में भोजन ग्रहण करने से कुछ लोगों के बीमार होने संबंधी शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा व सुनील कुमार टीम के साथ दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के आपूर्तिकर्ता मीरापुर थानाक्षेत्र के गाँव कासमपुर खोला निवासी नफीस पुत्र श्री सफिया के खाद्य प्रतिष्ठान पहुँचकर गहनता से निरीक्षण किया तथा खाद्य पदार्थ- खोया व पनीर के एक-एक विधिक नमूने संग्रहित किये गये साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता को साफ़- सफाई रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मवाना वार्ड 12 के लोगों ने पालिका सफाई कर्मियों द्वारा सफाई न करने पर उठाए सवाल


**शाह बुलेटिन ब्यूरो, मवाना इसरार अंसारी**। नगर के मोहल्ला मुन्नालाल स्थित मदीना मस्जिद के आसपास वार्ड 12 में पालिका सफाई कर्मियों द्वारा कूड़ा ना उठाने को लेकर मोहल्ले वासियों ने नाराजगी जताई। इस दौरान मोहल्ले वासियों ने बताया कि रमजान का महीना चल रहा है। जब के पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के द्वारा सभी सफाई नायकों को साफ दिशा निर्देश दे रखे हैं कि माहे रमजान होली पर्व आदि पर सफाई व्यवस्था जलापूर्ति एवं गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने के दिशा निर्देश हैं। लेकिन सफाई नायकों द्वारा मनमानी करते हुए विभिन्न मोहल्ले में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सोमवार को नगर के मोहल्ला मुन्नालाल वार्ड 12 स्थित मदीना मस्जिद के समीप रास्ते पर कूड़े के ढेर पड़े हुए मिले जिसके चलते वार्ड वासियों ने नाराजगी जताई। और मवाना पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक से शिकायत करने की बात कही।



मस्जिद के पास मिले कूड़े के ढेर।

# युवा जागृति मंच ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की

**शाहनवाज़ सोनू - शाह बुलेटिन**





मीरापुर 1 कासमपुर खोला गांव में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए युवा जागृति मंच ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कासमपुर खोला व रूमालपुरी के 58 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कासमपुर खोला के कृषक शिक्षा निकेतन में आयोजित परीक्षा के दौरान युवा जागृति मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कुल 120 प्रश्न पूछे गए जिसमें 50 प्रश्न सामान्य अध्ययन 25 गणित 25 रीजनिंग 10 हिंदी और 10 प्रश्न अंग्रेजी विषय से पूछे गए है। उन्होंने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी पदों पर तैनात गांव के युवाओं ने युवा जागृति मंच बनाया हुआ है। जिसका उद्देश्य गांव के बच्चों को शिक्षा के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में गांव के 26 बच्चों ने अलग-अलग पदों पर सरकारी नौकरी प्राप्त की है। आगामी 1 मार्च को प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 2025 में नौकरी पर जाने वाले तथा हाई स्कूल इंटर स्नातक खेल कूद व अन्य क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा संपन्न कराने में मदनपाल सिंह, अमित कुमार, राजकुमार, राहुल कुमार आदि का योगदान रहा।

# किसान के घेर से अज्ञात चोर ने किया पांच कुंतल गेहूं चोरी, पीड़ित किसान ने दी तहरीर

**शाह बुलेटिन ब्यूरो**

मवाना इसरार अंसारी। नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान के घेर में अनाथ से भारी 10 कुंतल गेहूं की टंकी से आगया चोर ने लगभग 5 कुंतल गेहूं चोरी कर लिया पीड़ित किसान ने अज्ञात चोर के विरोध थाने में तहरीर देकर चोर को गिरफ्तार कर अपने गेहूं की ब्रमन्दगी की मांग उठाई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मवाना थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर बिराना निवासी देव सहाय पुत्र प्रेम सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि प्रार्थी का घेर और घर अलग-अलग है। जिसमें किसान के पशु आदि बंधे रहते हैं तथा 10 कुंतल गेहूं से भरी टंकी भी रखी हुई है रविवार की देर रात किसी अज्ञात चोर ने 10 कुंतल की टंकी से करीब 5 कुंतल गेहूं चोरी कर लिए। प्रार्थी जब सोमवार की सुबह पशुओं को चारा डालने गया तो प्रार्थी को चोरी की घटना का पता चला प्रार्थी ने आसपास लोगों से काफी पूछताछ की लेकिन अज्ञात चोर का कोई पता नहीं लग सका। इसके बाद प्रार्थी ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने आकर फोटो वीडियो बनाकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया। प्रार्थी ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कराई जाने तथा गेहूं की बरामदगी की मांग उठाई है। थाना पुलिस द्वारा तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।





# साइबर ठग ने मवाना थाने का दरोगा बताकर किसान से ठगे 26 हजार रूपये, पीड़ित ने दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**शाह बुलेटिन ब्यूरो**

मवाना इसरार अंसारी। मवाना थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर के किसान से एक साइबर ठग ने दरोगा बनकर 26 हजार रुपए ठग लिये। शक होने पर पीड़ित ने संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाने में तहरीर देते हुए ग्राम जयसिंहपुर निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक साईबर ठग ने खुद को मवाना थाने का दरोगा बताते हुए किसान द्वारा नंबर दो की दवाई मंगाने की शिकायत मिलने और वीडियो वायरल की धमकी देते हुए कार्रवाई की बात कही बिना कुछ सोचे समझे इससे घबराएं किसान ने बताए गए मोबाइल नंबर पर दो किस्तों में 11000 और 15000 रुपए डलवा दिए। साइबर ठग ने तीसरी बार फिर पैसे देने के लिए फोन किया, लेकिन शक होने पर साइबर ठग ने फोन काट दिया बाद में फोन रिसीव नहीं किया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए साइबर ठग के खिलाफ कार्रवाई करने और 26000 रुपए वापस दिलाने की मांग उठाई है थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।




खबर में कई सवालिया निशान?

1, साइबर ठग ने मवाना थाने का दरोगा बताया तो पीड़ित ने थाने में थाना प्रभारी से संपर्क क्यों नहीं किया?

2, दरोगा ने नंबर दो की दवाई मगाने की बात कहते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी दी है तो जब किसान ने कोई दो नंबर की दवाई मंगाई ही नहीं तो फिर किसान ने डरकर पैसे क्यों सेंड कीये है?

3, साइबर अपराधी आसपास क्षेत्र का ही प्रतीत हो रहा है जिसके पास पीड़ित किसान की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध है?

यह पूरा मामला पुलिस की जांच का विषय है क्षेत्र में पहली बार मवाना थाने के दरोगा के नाम से ठगी की गई है उम्मीद है पुलिस जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी करेगी।

# माछरा ब्लॉक में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह बुलेटिन ब्यूरो**

मवाना ब्यूरो इसरार अंसारी

मवाना/किठौर माछरा। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय माछरा के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ब्लॉक में परिषदीय विद्यालयों के परिसर में संचालित लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित बाल वाटिका की सर्वश्रेष्ठ आंगनवाडी कार्यकत्रियों एवं परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्रों तथा उनके साथ आए हुए अभिभावकों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यतेंद्र कुमार शर्मा ग्राम प्रधान माछरा रहे। तथा अतिथि डॉ सविता शर्मा जिला महामंत्री अर्पणा कौशिक ब्लॉक अध्यक्ष उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक तोमर ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ माछरा प्रेमचंद व जितेंद्र कुमार ब्लॉक मंत्री अंकिता रूबी तमन्ना विशाखा उषा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सबा परवीन एआरपी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माछरा खंड शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार ने प्राथमिक शिक्षा व नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालते हुए प्री प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया गया तथा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद अर्पित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार व इकबाल अहमद ने किया इस दौरान नूर हसन मधु मोहन स्मिता गोयल कविता मीनाक्षी रुचि रानी सविता खुशतर रुखसाना तशरीफ़ अली अनुराधा अमरीश कुमार शर्मा चारू शर्मा चांद मोहम्मद अनिल कुमार नीरज अक्षय कुमार शर्मा चंचल मो इमरान रुचि शर्मा मंजू लता मधु मोहन अंजना शर्मा मोना नीरज शर्मा मयंक शर्मा आदि सैकड़ो अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।




# ए एस इंटर कालेज में सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पारुल वर्मा ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**सब कुछ मिला ऑल इज़ वेल।**

**शाह बुलेटिन ब्यूरो**

मवाना इसरार अंसारी। नगर के मेरठ रोड स्थित ए एस इंटर कालेज में प्रथम पाली में हाई स्कूल में 1097 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 591 बालक या 506 बालिकाएं थी जिसमें 1015 छात्र में उपस्थित रहे जिसमें 538 बालक वह 477 बालिकाएं उपस्थित कल केंद्र पर 82 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी जिसमें से 53 बालक व 29 बालिकाएं थी प्रथम पाली में कक्षा 12 का रंगीन फोटोग्राफी की परीक्षा थी जिसमें कुल 12 छात्राएं पंजीकृत थी तथा समस्त छात्राएं उपस्थित रही छात्राओं ने बताया कि रंगीन फोटोग्राफी का प्रश्न पत्र बहुत ही आसान था प्रथम पाली में अंग्रेजी की परीक्षा थी परीक्षा छात्राओं ने बताया कि सामान्य थी दूसरी पाली में जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षा थी जिसमें जीव विज्ञान में 334 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें 166 बालक में 168 बालिकाएं जिसमें से चार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी जिसमें से दो बालक एवं दो बालिकाओं ने परीक्षा छोड़ी गणित में 240 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें से 133 बालक व 107 बालिकाएं पंजीकृत करें गणित में केवल एक बालक ने परीक्षा छोड़ी है किसी भी बालिका ने परीक्षा नहीं छोड़ी है छात्राओं ने बताया कि गणित अभी विज्ञान दोनों की प्रश्न पत्र बहुत अच्छे थे कोई भी प्रश्न बाहर का नहीं था सभी पाठ्यक्रम में से आए थे सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पारुल वर्मा ने विद्यालय का निरीक्षण किया विद्यालय में परीक्षा सुचारू रूप से संचालित पाई गई परीक्षा प्रभारी सचिन कुमार , सहायक प्रभारी निशिकांत शर्मा, अंकित शर्मा, सत्येंद्र बहादुर सिंह सचलदल प्रभारी प्रीतम सिंह, राजीव कुमार, बृजेश कुमार , महिला सचल दल प्रभारी अंजू सिंह ,विभा जैन, कुसुम लता का विशेष सहयोग रहा प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं की प्रत्येक सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है किसी भी प्रकार की असुविधा किसी भी छात्र-छात्रा को नहीं होने दी जा रही है परीक्षा सुचारू रूप से सीसीटीवी की निगरानी में शांतिपूर्ण संचालित हो रही है किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान परीक्षा के मध्य नजर नहीं आ रहा है एक छात्र के विलंब होने पर मवाना थाना पुलिस के डायल 112 कर्मियों ने छात्र को सरकारी गाड़ी से परीक्षा केंद्र तक छोड़ा जिससे छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो गया।




# आईआईएफएल फाईनेंस ने 9 प्रतिशत सालाना रिटर्न के साथ 2000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए

**मेरठ :** देश की प्रमुख नॉन.बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनियों ( एनबीएफसी ) में से एक , आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन.कन्वर्टिबल डिबेंचर ( एनसीडी ) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं , जो मंगलवार 17 फरवरी 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज़ 500 करोड़ रुपये है , और 1500 करोड़ रुपये तक का ओवर सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन.शू विकल्प है ।इस प्रकार कुल इश्यू साईज़ 2000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है ।श्री निर्मल जैन , फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर , आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि , आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4 . 6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है। इस प्रस्तावित फंड के माध्यम से हम क्रेडिट की उपलब्धता और अधिक बढ़ाएंगे तथा अपने फंडिंग स्रोतों का विस्तार करेंगे। पिछले कुछ सालों में आईआईएफएल फाईनेंस ने बॉन्ड के मा ध्यम से फंड एकत्रित करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है तथा मूल राशि एवं ब्याज का समय पर भुगतान किया है। इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा और यह 24 महीनों , 36 महीनों और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध होगा। ब्याज का पे.आउट मासिक , वार्षिक या मैच्योरिटी के बाद लिया जा सकता है ।इस इश्यू को क्राईसिल रेटिंग्स ने क्राईसिल एए / स्टेबल रेटिंग दी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा इसे बीडब्लूआर एए.प्लस ( स्टेबल ) रेटिंग दी गई है , जिससे प्रदर्शित होता है कि इनमें बहुत कम क्रेडिट रिस्क है और ये फाईनेंशियल दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए बहुत ज्यादा सुरक्षित हैं ।31 दिसंबर 2025 को आईआईएफएल फाईनेंस के पास 98.336 करोड़ रुपये के कंसोलिडेटेड लोन एस्सेट्स अंडर मैनेजमेंट ( ए.यू.एम ) थे। कंपनी लगातार मजबूत एस्सेट क्वालिटी बनाकर रखती है। 31 दिसंबर 2025 को कंपनी की कंसोलिडेटेड लोन बुक के प्रतिशत हिस्से में कंपनी के पास 1.60 प्रतिशत ग्रॉस नॉन.परफॉर्मिंग एस्सेट ( एनपीए ) और 0.75 प्रतिशत नेट एनपीए हैं। इसके अलावा , 31 दिसंबर , 2025 को कंपनी की 83.61 प्रतिशत कंसोलिडेटेड लोन बुक को पर्याप्त कोलेटरल द्वारा सुरक्षित कर लिया गया था , ताकि जोखिम और कम हो जाए ।वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आईआईएफएल फाईनेंस ने 501.3 करोड़ रुपये का प्रॉफिटआफ्टर टैक्स ( पीएटी ) दर्ज किया , जो सालाना 514 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तवर्ष 2026 के नौ महीनोंके लिए पीएटी 1193.5 करोड़ रुपये रहा।

# गुवाहाटी टर्मिनल का विस्तार: असम की कनेक्टिविटी को मिली नई ताकत, क्षमता 1 करोड़ 30 लाख तक

**मेरठ।** लोकप्रिय गोपीनाथ बरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) पर नए टर्मिनल ने आज शाम कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया है, जिससे सालाना यात्री क्षमता बढ़कर 1 करोड़ 30 लाख तक होगी है और दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के लिए भारत के रणनीतिक उत्तर-पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में गुवाहाटी की प्रमुख एविएशन प्रवेश द्वार के रूप में स्थिति मजबूत हुई है। यह परिवर्तन चरणबद्ध, ऑपरेशन आधारित एक्टिवेशन के बाद हुआ, जिसमें पूर्ण तैनाती से पहले चेक-इन, बैगेज हैंडलिंग, सुरक्षा और एयरक्राफ्ट टर्न-अराउंड समेत विभिन्न क्षेत्रों में लाइव परीक्षण किए गए। टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 दिसंबर, 2025 को किया था।ऑपरेशन के शुभारंभ के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा और भारत के सबसे बड़े निजी एयरपोर्ट संचालक, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के निदेशक जीत अदाणी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पहले प्रस्थान करने वाले यात्री को औपचारिक बोर्डिंग पास जारी किया गया और मुंबई से आई अकासा एयर की उड़ान का नए परिसर में आगमन हुआ। अराइवल हॉल में पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें शिल्पकार समुदायों, चाय बागान कर्मियों, फ्रंटलाइन स्टाफ और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों ने भाग लिया, जो बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान को भी रेखांकित करता है।असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा," मैं आभार व्यक्त करता हूँ, हम गौतम अदाणी के प्रति कृतज्ञ हैं कि उन्होंने पिछले वर्ष एडवांटेज असम 2.0 के दौरान किए गए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश के अपने वादे को पूरा किया है। मेरा विश्वास है कि इस नए टर्मिनल के संचालन से असम के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह असम के लिए एक गेमचेंजर साबित होगा। नए एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण के दौरान असम की संस्कृति का सम्मान किया गया है,और एक असमिया होने के नाते हमें इस पर गर्व है।"



# सरकारी हैंडपंप से पानी भरने गई किशोरी को कमरे में खींचा दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**शाह बुलेटिन ब्यूरोमवाना ब्यूरो इसरार अंसारी मवाना/बहसूमा।**

सरकारी हैंडपंप पर पानी लेने गई किशोरी को बहुसंख्यक वर्ग के युवक ने कमरे में खींचकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़िता के भाई ने थाने में गांव के ही निखिल के खिलाफ पोक्सो व दुष्कर्म करने की कोशिश के आरोप में प्राथमिकी कराई है।क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने पुलिस में दर्ज प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 14 वर्षीय बहन पड़ोस के ही निखिल के घर में लगे सरकारी हैंडपंप से पानी लेने गई थी। पड़ोसी बहुसंख्यक निखिल ने उसकी बहन को जबरदस्ती कमरे में खींचकर ले गया, वहां पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी ने उसके हाथ बांधकर मुंह में कपड़ा ठूस दिया व पड़ोस की ही पिंकी से ताला मांगकर कमरे का ताला लगाकर फरार हो गया। किशोरी के घंटों वापस नहीं आने पर उसकी बहन ने जैसे तैसे मुंह से कपड़ा हटाकर शोर मचा दिया। इस दौरान पीड़िता किशोरी की भाभी ने कमरे में बंद देख शोर मचाते हुए अपने पति को मौके पर बुला लिया। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। वही इस संबंध में थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह का कहना है कि आरोपी निखिल के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की डॉक्टरी कराई जाएगी।




# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस रबी 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान में हुआ शामिल

देहरादून। भारत की प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान में अपनी भागीदारी की घोषणा की है। 15 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य फसल बीमा पॉलिसियों को सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुंचाना है। साथ ही, इसका लक्ष्य फसल बीमा के लाभ, जोखिम सुरक्षा और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मुख्य पहलुओं जैसे कवरेज, नामांकन और क्लेम (दावा) प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का उद्देश्य फसल बीमा को अधिक पारदर्शी, सुलभ और किसान-हितैषी बनाना है, ताकि लाभार्थियों को न केवल उनकी पॉलिसी दस्तावेज मिलें, बल्कि वे अपने अधिकारों को भी स्पष्ट रूप से समझ सकें। इस अभियान के तहत एसबीआई जनरल इंश्योरेंस गांवों और ग्राम पंचायतों में व्यापक जमीनी कार्यक्रम आयोजित करेगा।

# AIMA प्लेटिनम जुबली में करण अदाणी ने की गवर्नेंस, ग्रोथ और डिफेंस पर बात

**नई दिल्ली :** अदाणी ग्रुप तेजी से हो रहे विस्तार के चलते राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस से जुड़े इकोसिस्टम और आंतरिक गवर्नेंस पर अपना फोकस और मज़बूत कर रहा है। यह बात शनिवार को अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने कही।ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (AIMA) की प्लेटिनम जुबली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में, करण अदाणी ने ग्रुप की दशा और दिशा के बारे में विस्तार से बताया।अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के बेटे करण अदाणी, ने कहा कि ग्रुप का निवेश तीन मुख्य स्तंभों पर टिका है - एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और भारत के विकास के लिए ज़रूरी कोर मैटीरियल्स।ऊर्जा के क्षेत्र में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन नेटवर्क और डेटा सेंटर्स जैसे नए डिजिटल एसेट्स लंबे समय तक ग्रुप की प्राथमिकता रहेंगे।आत्मनिर्भरता रणनीतिक जरूरतडिफेंस सेक्टर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता भारत की एक बड़ी रणनीतिक ज़रूरत है। उन्होंने बताया कि ब्राज़ील की कंपनी एंब्रायर के साथ हालिया साझेदारी जैसे कदम, मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (MRO) क्षमताओं को मज़बूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसका मकसद घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ना है।संगठन की चुनौतियों पर भी की बातसंगठन से जुड़ी चुनौतियों पर बात करते हुए उन्होंने माना कि तेज़ी से विस्तार की वजह से मैनेजमेंट के कई लेयर बन गए, जिससे फैसले लेने में देरी होती है। अब प्राथमिकता यह है कि ढांचे को सरल बनाकर फिर से स्पीड और स्केलेबिलिटी लाई जाए।उन्होंने बताया कि ग्रुप अपने कर्मचारियों की औसत उम्र, जो अभी 38 साल है।

## एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, ह्यूमन-सेंट्रिक एआई सेशन ने स्किल इंडिया की दिशा तय की

देहरादून। ग्लोबल साउथ के सबसे बड़े एआई सम्मेलन, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने ह्यूमन-सेंट्रिक एआई: इंडिया टैलेंट, ट्रस्ट और टेक्नोलॉजी के ज़रिए दुनिया को कैसे सशक्त कर सकता है शीर्षक से एक हाई-लेवल इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया। एक्सपर्ट एंगेजमेंट ग्रुप (ईईजी) डिस्कशन के हिस्से के तौर पर बुलाए गए इस सेशन में, दुनिया भर के और देश के जाने-माने लोग एक ज़िम्मेदार, सबको साथ लेकर चलने वाले और प्रतिभा से चलने वाले एआई भविष्य को बनाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात करने के लिए एक साथ आए।टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के द फ्लेचर स्कूल के ग्लोबल बिज़नेस के डीन प्रोफेसर भास्कर चक्रवर्ती ने एआई के दौर में इंसानी तरक्की और ट्रांज़िशन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ग्लोबल साउथ कोएलिशन के विज़न पर मुख्य संबोधन दिया। पैनल डिस्कशन को बीसीजी के पार्टनर और मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ मदान ने मॉडरेट किया, और इसमें गूगल क्लाउड इंडिया के डायरेक्टर और ग्लोबल अफेयर्स और पब्लिक पॉलिसी की हेड योलिंड लोबो; एनएसडीसी के सीईओ अरुणकुमार पिल्लई; ईवाई के टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग पार्टनर राकेश कौल; और एनसीवीईटी की फॉर्मर एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. नीना पाहुजा शामिल हुए, जिन्होंने प्रतिभा, भरोसे और टेक्नोलॉजी पर आधारित एआई कैपेबिलिटी बनाने पर अपने विचार साझा किए।

### सूचना

दैनिक 'शाह बुलिटिन' हिंदी समाचार पत्र में समाचार विज्ञापन लेख आदि प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करें-

जफरयाब राव (संपादक)
मोबाइल नंबर 9997540548 पता- एल-130 लोहिया नगर मेरठ।

हासिम अहमद जिला प्रभारी (बिजनौर)
मोबाइल नंबर 9012147659, 7017678409
पता - टाटा मोटर्स ऊपरी मंजिल हरिद्वार रोड नजीबाबाद।

शकील राव ऊन तहसील प्रभारी
मोबाइल नंबर 8279302257 पर विज्ञापन, लेख समाचार, प्रेस कॉन्फ्रेंस इत्यादि के लिए संपर्क करें

इसरार अंसार, तहसील मवाना, मेरठ
मो. 8445181867
7830627172
मवाना परिसर मेरठ।

दैनिक शाह बुलेटिन
RNI: UPHIN/2014/56192
मालिक, मुद्रक व प्रकाशक जफरयाब ने इंडियन प्रेस 176, राजेन्द्र नगर, मेरठ शहर से छपवाकर, कार्यालय 428/13 शास्त्रीनगर, मेरठ से प्रकाशित किया।संपादक: जफरयाब
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मेरठ होगा, समाचार पत्र में प्रकाशित विचारों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
फोन: 09997540548
मेल- आईडी:
dainikshah-bulletin@gmail.com



## 'लोका 2' पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

**पिछले साल मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।**

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने 'लोका 2' को लेकर बात की। वह कहती हैं, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें।'

### क्या थी कहानी?

मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी।

### फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर की छप्परफाड़ कमाई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'लोका' का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा। इस पहली वुमन सुपरहीरो मूवी कहा।



# प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने संघर्ष पर चर्चा की

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में सालाना हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने देश और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने सफर पर चर्चा की। उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही वे हॉलीवुड तक पहुंचीं, इसका क्रेडिट ऐश्वर्या राय और इरफान खान सरीखे सितारों को दिया। प्रियंका का कहना है कि इन सितारों ने हॉलीवुड के रास्ते खोले।

### प्रियंका ने शेयर किया इमोशनल नोट

प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अपने करियर और हॉलीवुड तक के सफर का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने हॉलीवुड में रास्ता बनाने का क्रेडिट ऐश्वर्या राय, इरफान खान और मिंडी कालिंग को दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें अपनी करियर जर्नी पर एक इमोशनल नोट लिखा है।

### इन हस्तियों ने दूसरों के लिए रास्ते आसान बनाए

प्रियंका चोपड़ा ने यह स्वीकार किया कि किस तरह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय, दिवंगत एक्टर इरफान खान और अमेरिकन एक्टर-कॉमेडियन मिंडी कालिंग के सफर ने हॉलीवुड में उनके अपने करियर में योगदान दिया। उन्होंने इन पर्सनैलिटीज को ट्रेलब्लेजर बताया, जिनकी कामयाबियों ने दूसरों के लिए रास्ते तैयार किए। उनके नक्शेकदम पर चलना मुमकिन बनाया।

### प्रियंका ने जाहिर किया उत्साह

प्रियंका चोपड़ा ने साझा किए गए पोस्ट के साथ लिखा है, 'मेरे दिन की शुरुआत ऐसे हुई। मुझे अपनी सबसे करीबी दोस्तों और बिजनेस पार्टनर अंजुला आचार्य के साथ मशहूर हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में इंडिया वीक खत्म करने के लिए एक फायरसाइड कीनोट एड्रेस देना था। टॉपिक था 'जैसा इंडिया हम सोचते हैं'। यहां ऑडियंस में देखते हुए मेरे मन में बस एक ही ख्याल आया, 'तुम वही इंडिया हो, जिसकी मैंने कल्पना की थी'। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी।

## एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने अजित कुमार के लिए लिखा खास नोट





मलयालम एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने हाल ही में तमिल सुपरस्टार अजित कुमार के लिए एक खास नोट शेयर किया है। फिल्म 'गुड बैड अगली' में उनके साथ काम कर चुकीं प्रिया उन्हें चीयर करने पहुंची थी। इसी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर कर उन्होंने अजित के लिए कुछ खास लिखा। प्रिया ने अबू धाबी के यास मरीना सर्किट से कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'प्योर पैशन, डिसिप्लिन और निडर समर्पण... जिस तरह वह जिंदगी और रेसिंग दोनों में बेहतरीन बनने की कोशिश करते हैं, वह बेहद प्रेरित करने वाला है। असली महानता अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने, विनम्र रहने और अपने जुनून को कभी न छोड़ने में है। अजित सर, मुझे बुलाने के लिए धन्यवाद! आपके और आपकी शानदार टीम के साथ रहना बहुत खास लगा। हम आपके लिए चीयर कर रहे हैं।' बता दें, अजित कुमार इन दिनों अपनी रेसिंग टीम के साथ इंटरनेशनल कार रेसिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। प्रिया से पहले तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन भी अबू धाबी पहुंचकर अजित और उनकी टीम से मुलाकात कर चुके हैं।

### इस फिल्म में नजर आएंगी प्रिया

एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर हाल ही में निर्देशक अखिल सथ्यान की फिल्म 'सर्वम माया' में कैमियो रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ निविन पॉली और रिया शिबू भी अहम भूमिकाओं में थे। अब खबर है कि प्रिया जल्द ही हीस्ट थ्रिलर फिल्म '3 मंकीज' में दिखाई देंगी, जिसे डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अर्जुन रामपाल और रानी मुखर्जी समेत कई बड़े नाम शामिल हैं।

## हॉरर-थ्रिलर हुई रजनीश दुग्गल सुपरनैचुरल की वापसी



अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है और इसे देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। फिल्म को ज्योति राज गवाली प्रोड्यूस कर रही हैं। वहीं राज गवाली को-प्रोड्यूसर हैं और निर्देशन की कमान सौरभ चौबे ने संभाली है।

### पोस्टर ने बढ़ाई धड़कनें

पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल 'द वॉर्डरोब' अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है।




## कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'कैनेडी' को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी 'कैनेडी' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, ''जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।''

उन्होंने कहा, ''एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।'' सनी लियोनी ने कहा, ''पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।''

फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। सनी ने कहा, ''यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।''




# अनुराग कश्यप ने 'निशांची' को बताया 'सिनर्स' से बेहतर



**निर्माता-निर्देशक व अभिनेता अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच अनुराग कश्यप ने अपनी पिछली फिल्म 'निशांची' को बनाने पर गर्व जताते हुए इसके स्पेशल इफेक्ट्स को हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' से भी बेहतर बताया है। 'निशांची' दो भागों में बंटी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें कानपुर में रहने वाले जुड़वां भाइयों बबलू और डब्लू की कहानी है।**

### अनुराग ने स्पेशल इफेक्ट्स के लिए की रेड चिलीज की तारीफ

बातचीत के दौरान अनुराग ने कहा कि अन्य फिल्म निर्माताओं के साथ काम करते हुए, मैं काम करने की एक नई शैली देख रहा हूं। यह शैली आ रही है और दक्षिण में हर जगह देखने को मिल रही है। वे वहीं पर शूटिंग और एडिटिंग करते हैं। वे एक दिन में एक ही सीन शूट करते हैं और शॉट्स नहीं लेते। मेरे लिए स्पेशल इफेक्ट्स के साथ 'निशांची' के दोनों भाग, जिनमें अभिनेता ने दो अलग-अलग तरह की दोहरी भूमिका निभाई है - जिस पर मुझे बहुत गर्व है। स्पेशल इफेक्ट्स के मामले में सिल्वेस्टर और रेड चिलीज ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो वाकई कमाल है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह 'सिनर्स' से भी बेहतर है। वे सचमुच दो अलग-अलग लोग हैं और हमने दो महीने के अंतराल पर शूटिंग की। ऐसा नहीं था कि आप कपड़े बदलकर आ गए हों। यह सब वास्तविक था।

### ऑस्कर में 'सिनर्स' ने हासिल किए रिकॉर्ड नॉमिनेशन

हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' में माइकल बी जॉर्डन ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने जुड़वां भाइयों एलिजा स्मोक मूर और एलियास स्टैक मूर का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए अभिनेता को अपना पहला ऑस्कर नामांकन मिला। रयान कूगलर द्वारा निर्देशित 'सिनर्स' ने 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रिकॉर्ड तोड़ 16 नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया, जो किसी एक फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक नामांकन है।

### ऐसी है 'निशांची' की कहानी




अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'निशांची' पिछले साल दो भागों में रिलीज हुई थी। इस क्राइम ड्रामा की कहानी कानपुर में रहने वाले दो भाइयों बबलू और डब्लू के ऊपर आधारित है। फिल्म का पहला पार्ट सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, जिसे क्रिटिक्स से तो अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसके बाद दूसरा पार्ट मेकर्स ने सीधे ओटीटी पर रिलीज किया था। इस फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे दोहरी भूमिका में नजर आए हैं।

### 20 फरवरी को रिलीज हुई है 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म का प्रीमियर 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। जहां इसे काफी सराहना मिली थी। इसके अलावा भी कई फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को काफी सराहा गया है। और इसे सात मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मेलबर्न इंडियन 'कैनेडी' में राहुल भट्ट और सनी लियोन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।